St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

Hindi Grammar : (2nd Term) **(Worksheet –13)** **Date: 14.09.2020**
Topic: अपठित गदयांश **Class -4**

जल और थल में समान रूप से विचरण करने वाले प्राणी ऊदबिलाव का नाम किसने नहीं सुना होगा। ऊदबिलाव का यह नाम उसकी बिल्ली जैसी शक्ल के कारण पड़ा है। हालाँकि उसका बिल्ली की प्रजाति से कोई सम्बन्ध नहीं है। ऊदबिलाव को ' जलमानुष ' नाम से भी जाना जाता है। ऊदबिलाव पानी में मछलियों की तरह तैर लेता है , परन्तु यह अपना बिल पानी के पास सूखे स्थान में बनाता है , जिसमे कई द्वार होते हैं। यह जल और थल दोनों में रह सकता है। इसका मुख्य भोजन मछली , पर यह मेढक और केकड़े भी बड़े चाव से खाता है। यह बड़ा चालाक और फुर्तीला जानवर है , जो आसानी से पकड़ में नहीं आता।

अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो :-

1 ऊदबिलाव का यह नाम क्यों पड़ा ?

2 ऊदबिलाव अपना बिल कहाँ बनाता है ?

3 ऊदबिलाव का मुख्य भोजन क्या है ?

4 ऊदबिलाव को किस अन्य नाम से जाना जाता है ?

5 ऊदबिलाव को पकड़ना मुश्किल क्यों है ?

खाली जगह भरो :-

6 ऊदबिलाव पानी में _______ की तरह तैर लेता है।

7 ऊदबिलाव _________ से पकड़ में नहीं आता।

सही और गलत लिखो :-

8 ऊदबिलाव बिल्ली जैसी शक्ल का है।

9 ऊदबिलाव केवल थल में रहता है।

10 इस अनुच्छेद का उचित शीर्षक बताओ :-

शब्दों के अर्थ लिखो :-

11 विचरण -

12 द्वार -

13 संज्ञा शब्द छाँटकर लिखो :-

14 विलोम शब्द लिखो :-

चालाक -

बहुवचन लिखो :-

बिल्ली -

16 दो पर्यायवाची शब्द लिखो :-

जल -

17 'सूखा ' विशेषण का कौन सा भेद है ?

18 तुक मिलाने वाले शब्द लिखो :-

शक्ल -

19 ' राम तैर रहा है |' क्रिया का भेद बताओ |

20 वाक्य बनाओ :-

फुर्तीला-

Poonam Mehra